समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# अहमदाबाद विमान हादसे से दुखी सीएम योगी और अखिलेश यादव ने उठाया बड़ा कदम, तीन दिनों तक सभी कार्यक्रम रद्द।

Publisher
Published on 13 Jun 2025



## 265 लोगों की मौत के बाद देशभर मे शोक, सीएम योगी और अखिलेश यादव ने रद्द किए सभी सार्वजनिक कार्यक्रम, अखिलेश ने सरकार से मांगा हादसे पर स्पष्टीकरण।

### हादसे पर शोक, नेताओं की भावुक प्रतिक्रिया

**अहमदाबाद विमान** हादसे में **265 लोगों की दर्दनाक मौत** ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इसे अब तक की सबसे बड़ी विमान दुर्घटनाओं में से एक माना जा रहा है। हादसे के बाद **उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** और **समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव** ने गहरा दुख जताया है और बड़ा निर्णय लिया है।

### सीएम योगी ने रद्द किए आज के सभी कार्यक्रम

सीएम योगी आदित्यनाथ ने 13 जून को होने वाले **सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को तत्काल प्रभाव से रद्द** करने का निर्णय लिया। **मुख्यमंत्री कार्यालय** की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सीएम योगी ने **दिवंगत आत्माओं की शांति** और **पीड़ित परिवारों** की संवेदनाओं के सम्मान में यह फैसला लिया है।

### अखिलेश यादव का तीन दिन का कार्यक्रम स्थगित

**समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव** ने भी इस हादसे को लेकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा:

“अहमदाबाद की बेहद दर्दनाक दुर्घटना में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि। हम शोकाकुल परिवारों के साथ खड़े हैं। सपा के आगामी तीन दिन (13, 14, 15 जून) के सभी समारोह स्थगित रहेंगे।”

इसके साथ ही उन्होंने **केद्रं सरकार से इस दुर्घटना** को लेकर तुरंत **स्पष्ट जानकारी** जारी करने की मांग की ताकि लोगों के बीच किसी तरह की अफवाह और भ्रम की स्थिति न बने।

### हादसे मे पूंर्व सीएम विजय रुपाणी की भी मौत

इस हादसे में **गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी** की भी मृत्यु हो गई है। वे अपने परिवार से मिलने अहमदाबाद से लंदन जा रहे थे। लेकिन विमान टेकऑफ के कुछ सेकंड बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### पूरे देश मे मातम

यह विमान हादसा अब तक के सबसे भयानक **हवाई दुर्घटनाओं** में गिना जा रहा है। इस त्रासदी के बाद से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। नेता हो या आम जनता, हर कोई इस घटना से गहरे आहत है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.